दिनांक 12-13 फरवरी 2026 को कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला, किसान गोष्ठी एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी एवं जैविक किसान मेले में उमड़ा किसानों का उत्साह अतिथियों ने स्टॉलों का भ्रमण कर तकनीकी नवाचारों की सराहना की

बकेवर। जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा एवं कृषि विभाग, इटावा के संयुक्त तत्वावधान में आज कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला एवं किसान गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. आर. एन. सिंह, उप निदेशक कृषि, इटावा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों, जैविक खेती तथा फसल विविधीकरण को अपनाकर किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कृषि मेले किसानों और वैज्ञानिकों के बीच सेतु का कार्य करते हैं। अतिविशिष्ट अतिथि, संस्थापक, हवेला ग्रुप, यूं.एस.ए., डॉ स्टीफन जान ने भारतीय कृषि पर चिंतन कर प्रति व्यक्ति आय बढ़ाना ग्रीन एनर्जी के प्रोजेक्ट तथा अमेरिका की तुलना करते हुए भारतीय किसानों की दशा में सुधार पर विस्तार से चर्चा की। अध्यक्षता डॉ. के. के. दीक्षित, सदस्य प्रबंध समिति ने की। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को नवीन तकनीकों की प्रत्यक्ष जानकारी मिलती है, जिससे खेती अधिक लाभकारी बनती है। संरक्षक, कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने सभी अतिथियों के स्वागत करते हुए कहा कि प्रदर्शनी केवल उत्पादों का प्रदर्शन नहीं बल्कि ज्ञान, तकनीकी और अनुभवों का सामंजस है । कॉलेज ग्रामीण उन्नयन, वैज्ञानिक नवाचार, कृषि आत्मनिर्भरता, पशुपालन आधारित अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में सतत प्रयास करता रहता है। कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी इटावा ओंकार सिंह, उपनिदेशक मृदा संरक्षण इटावा राजेंद्र प्रसाद, अरुण कुमार सिंह डीडीएम नाबार्ड इटावा, डॉ एम एम ठेले, एलडीएम इटावा एवं डॉ आर के कनौजिया मुख्य प्रबंधक, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया, प्राचार्य तिलक महाविद्यालय औरैया डॉ रवि कुमार, डॉ कप्तान सिंह, ए.जी.एम., आर.सी.एफ., इंडिया आदि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का माल्यार्पण, बैज अलंकरण, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के पश्चात मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं समस्त विशिष्ट अतिथियों ने कृषि विज्ञान प्रदर्शनी के विभिन्न कृषि विज्ञान, विज्ञान, वाणिज्य, कृषि विभाग इटावा एवं भलसार प्राइवेट लिमिटेड बेंगलुरु, नीजू बिड़ू, बड ग्रो, उर्वरा एग्रो बायोटेक, शक्ति सीड प्राइवेट लिमिटेड, इफिको, बिरसा माइक्रो इरिगेशन सिस्टम, जरौली जैविक लिमिटेड, चकरनगर जैविक उत्पाद, कंपनियों के स्टॉलों का भ्रमण किया। उन्होंने उन्नत बीज, जैविक उत्पाद, फसल सुरक्षा, मृदा स्वास्थ्य, कृषि यंत्र, उद्यान एवं पशुपालन से संबंधित तकनीकों का अवलोकन किया तथा प्रदर्शकों से जानकारी प्राप्त की। अतिथियों ने प्रदर्शनी की गुणवत्ता की सराहना करते हुए इसे किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। किसान गोष्ठी में जिला कृषि अधिकारी इटावा ओंकार सिंह ने कृषि के नवाचारों, तकनीकियों एवं कृषि के विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया तथा यहां के विद्यार्थियों को भी आगे भविष्य में कैसे सफल हो इस पर भी अपने अनुभवों को साझा किया।डीन, कृषि संकाय डॉ ए.के. पांडेय ने किसानों के विषम परिस्थितियों में कैसे उनकी आय को बढ़ाया जाए उसके लिए उद्यान की पर विशेष उद्‌बोधन दिया उन्होंने बताया कि यह गंगा जमुना के बीच की जो जमीन दो आब है, अगर हम उन्नत खेती करें तो निश्चित तौर पर उत्तर प्रदेश के ही किसान पूरे इस देश को खिलाने का काम करेंगे।

दिनांक 12-13 फरवरी 2026 को कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला, किसान गोष्ठी एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

डॉ एमपी सिंह ने उन्नत कृषि तकनीक, जैविक खेती पर विस्तार से चर्चा की। तथा कहा कि कृषि एवं विज्ञान प्रदर्शनी किसान गोष्ठी एवं जैविक किसान मेला के माध्यम से कॉलेज के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने विभिन्न मॉडल आईसीटी टूल्स के माध्यम से विभिन्न प्रकार की आधुनिक कृषि तकनीकी, शस्य तकनीकी को किसानों तक पहुंचाने का काम किया है। डॉ मनोज यादव ने फसल रोग एवं कीट प्रबंधन तथा सरकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। किसानों ने अपने प्रश्न रखे, जिनका समाधान विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्नतशील किसान अमर सिंह, लालाराम दोहरे, चंद्रभान यादव, रामनरेश गौतम आदि ने किसानो की समस्याएं एवं समाधान पर अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के संयोजक डॉ एमपी सिंह ने सभी अतिथियों, वैज्ञानिकों, किसानों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। बड़ी संख्या में किसानों की सहभागिता से आयोजन सफल एवं सार्थक रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ मनोज यादव ने किया। इस मौके पर दूरस्थ स्थानों से पधारे हुई समूह की महिलाओं सहित लगभग 700 किसान, कॉलेज के प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

मंच पर उपस्थित अतिथिगण

दिनांक 12-13 फरवरी 2026 को कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला, किसान गोष्ठी एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

अतिविशिष्ट अतिथि, संस्थापक, हवेला ग्रुप, यूं.एस.ए., डॉ. स्टीफन जान का स्वागत करते हुये कालेज के प्राचार्य प्रो. राजेश किशोर त्रिपाठी

दिनांक 12-13 फरवरी 2026 को कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला, किसान गोष्ठी एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

दिनांक 12-13 फरवरी 2026 को कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला, किसान गोष्ठी एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

द्वितीय दिवस

दिनांक 12-13 फरवरी 2026 को कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला, किसान गोष्ठी एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

दिनांक 12-13 फरवरी 2026 को कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला, किसान गोष्ठी एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

जनता कॉलेज बकेवर में कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी व जैविक किसान मेले में 700 से अधिक किसानों की हुई सहभागिता

विचारधारा कार्यालय

बकेवर/इटावा। जनता कॉलेज बकेवर एवं कृषि विभाग, इटावा के संयुक्त तत्वावधान में कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला एवं किसान गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. आर.एन. सिंह, उपनिदेशक कृषि, इटावा ने आधुनिक तकनीक, जैविक खेती व फसल विविधीकरण अपनाकर आय बढ़ाने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. स्टीफन जान (हवेला ग्रुप, यूएसए) ने ग्रीन एनर्जी व कृषि नवाचारों पर विचार रखे।

अध्यक्षता डॉ. के.के. दीक्षित ने की, जबकि प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने प्रदर्शनी को ज्ञान व तकनीक का संगम बताया। अतिथियों ने उन्नत बीज, जैविक उत्पाद, मृदा स्वास्थ्य, सिंचाई प्रणाली व कृषि यंत्रों से जुड़े स्टॉलों का अवलोकन किया। किसान गोष्ठी में विशेषज्ञों ने योजनाओं व तकनीकों की जानकारी दी तथा किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। लगभग 700 किसानों की सहभागिता से कार्यक्रम सफल रहा।

दिनांक 12-13 फरवरी 2026 को कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला, किसान गोष्ठी एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

SA NEWS स्पष्ट आवाज़ — इटावा-औरैया

तकनीकों, जैविक खेती तथा फसल विविधीकरण को अपनाकर किसान आय में करें वृद्धि

कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी एवं जैविक किसान मेले में उमड़ा किसानों का उत्साह

स्पष्ट आवाज

बकेवर, इटावा। जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा एवं कृषि विभाग, इटावा के संयुक्त तत्वावधान में कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला एवं किसान गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. आरएन सिंह उप निदेशक कृषि, इटावा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों, जैविक खेती तथा फसल विविधीकरण को अपनाकर किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कृषि मेले किसानों और वैज्ञानिकों के बीच सेतु का कार्य करते हैं। अति विशिष्ट अतिथि, संस्थापक हवेला ग्रुप, यू.एस.ए., डॉ.स्टीफन जान ने भारतीय कृषि पर चिंतन कर प्रति व्यक्ति आय बढ़ाना ग्रीन एनर्जी के प्रोजेक्ट तथा अमेरिका की तुलना करते हुए भारतीय किसानों की दशा में सुधार पर विस्तार से चर्चा की। अध्यक्षता डॉ. के.के.दीक्षित सदस्य प्रबंध समिति ने की।उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को नवीन तकनीकों की प्रत्यक्ष जानकारी मिलती है, जिससे खेती अधिक लाभकारी बनती है। संरक्षक कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने सभी अतिथियों के स्वागत करते हुए कहा कि प्रदर्शनी केवल उत्पादों का प्रदर्शन नहीं बल्कि ज्ञान, तकनीकी और अनुभवों का सामंजस है।कॉलेज ग्रामीण उन्नयन, वैज्ञानिक नवाचार,कृषि आत्मनिर्भरता पशुपालन आधारित अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में सतत प्रयास करता रहता है।

कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी इटावा ओंकार सिंह,उपनिदेशक मृदा संरक्षण इटावा राजेंद्र प्रसाद, अरुण कुमार सिंह डीडीएम नाबार्ड इटावा,डॉ एस एम ठेले एलडीएम इटावा एवं डॉ.आर के कनौजिया मुख्य प्रबंधक सेंट्रल बैंक आफ इंडिया,प्राचार्य तिलक महाविद्यालय औरैया डॉ.रवि कुमार,डॉ.कप्तान सिंह, ए.जी.एम.,आर.सी.एफ. इंडिया आदि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का माल्यार्पण,बैज अलंकरण, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के पश्चात मुख्य अतिथि,अध्यक्ष एवं समस्त विशिष्ट अतिथियों ने कृषि विज्ञान प्रदर्शनी के विभिन्न कृषि विज्ञान, विज्ञान, वाणिज्य, कृषि विभाग इटावा एवं भलसार प्राइवेट लिमिटेड बेंगलुरु, नीजू बिड्डू, बड ग्रो, उर्वरा एग्रो बायोटेक,शक्ति सीड प्राइवेट लिमिटेड, इफिको,बिरसा माइक्रो इरिगेशन सिस्टम,जरौली जैविक लिमिटेड,चकरनगर जैविक उत्पाद,कंपनियों के स्टॉलों का भ्रमण किया। उन्होंने उन्नत बीज,जैविक उत्पाद,फसल सुरक्षा, मृदा स्वास्थ्य, कृषि यंत्र, उद्यान एवं पशुपालन से संबंधित तकनीकों का अवलोकन किया तथा प्रदर्शकों से जानकारी प्राप्त की। अतिथियों ने प्रदर्शनी की गुणवत्ता की सराहना करते हुए इसे किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

किसान गोष्ठी में जिला कृषि अधिकारी इटावा ओंकार सिंह ने कृषि के नवाचारों, तकनीकियों एवं कृषि के विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया तथा यहां के विद्यार्थियों को भी आगे भविष्य में कैसे सफल हो इस पर भी अपने अनुभवों को साझा किया। डीन, कृषि संकाय डॉ ए.के. पांडेय ने किसानों के विषम परिस्थितियों में कैसे उनकी आय को बढ़ाया जाए, उसके लिए उद्यान की पर विशेष उद्बोधन दिया उन्होंने बताया कि यह गंगा जमुना के बीच की जो जमीन दो आब है, अगर हम उन्नत खेती करें तो निश्चित तौर पर उत्तर प्रदेश के ही किसान पूरे इस देश को खिलाने का काम करेंगे। डॉ एमपी सिंह ने उन्नत कृषि तकनीक, जैविक खेती पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. मनोज यादव ने फसल रोग एवं कीट प्रबंधन तथा सरकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। किसानों ने अपने प्रश्न रखे, जिनका समाधान विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्नतशील किसान अमर सिंह, लालाराम दोहरे, चंद्रभान यादव, रामनरेश गौतम आदि ने किसानो की समस्याएं एवं समाधान पर अपने अनुभवों को साझा किया।कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के संयोजक डॉ.एमपी सिंह ने सभी अतिथियों,वैज्ञानिकों,किसानों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। बड़ी संख्या में किसानों की सहभागिता से आयोजन सफल एवं सार्थक रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. मनोज यादव ने किया।इस मौके पर दूरस्थ स्थानों से पधारे हुई समूह की महिलाओं सहित लगभग 700 किसान,कॉलेज के प्राध्यापक,शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी एवं जैविक किसान मेले में उमड़ा किसानों का उत्साह

बकेवर (इटावा) 12 फरवरी। जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा एवं कृषि विभाग, इटावा के संयुक्त तत्वावधान में आज कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला एवं किसान गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. आर. एन. सिंह, उप निदेशक कृषि, इटावा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों, जैविक खेती तथा फसल विविधीकरण को अपनाकर किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कृषि मेले किसानों और वैज्ञानिकों के बीच सेतु का कार्य करते हैं। अतिविशिष्ट अतिथि, संस्थापक, हवेला ग्रुप, यू.एस.ए., डॉ स्टीफन जान ने भारतीय कृषि पर चिंतन कर प्रति व्यक्ति आय बढ़ाना ग्रीन एनर्जी के प्रोजेक्ट तथा अमेरिका की तुलना करते हुए भारतीय किसानों की दशा में सुधार पर विस्तार से चर्चा की। अध्यक्षता डॉ. के. के. दीक्षित, सदस्य प्रबंध समिति ने की। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को नवीन तकनीकों की प्रत्यक्ष जानकारी मिलती है, जिससे खेती अधिक लाभकारी बनती है।कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी इटावा औंकार सिंह, उपनिदेशक मृदा संरक्षण इटावा राजेंद्र प्रसाद, अरुण कुमार सिंह डीडीएम नाबार्ड इटावा, डॉ एम एम ठेले, एलडीएम इटावा एवं डॉ आर के कनौजिया मुख्य प्रबंधक, सेंट्रल बैंक आफइंडिया, प्राचार्य तिलक महाविद्यालय औरैया डॉ रवि कुमार, डॉ कप्तान सिंह, ए.जी.एम., आर.सी.एफ. इंडिया आदि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का माल्यार्पण, बैज अलंकरण, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के पश्चात मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं समस्त विशिष्ट अतिथियों ने कृषि विज्ञान प्रदर्शनी के विभिन्न कृषि विज्ञान, विज्ञान, वाणिज्य, कृषि विभाग इटावा एवं भलसार प्राइवेट लिमिटेड बेंगलुरु, नीजू बिड्डू, बड ग्रो, उर्वरा एग्रो बायोटेक, शक्ति सीड प्राइवेट लिमिटेड, इफ्को, बिरसा माइक्रो इरिगेशन सिस्टम, जरौली जैविक लिमिटेड, चकरनगर जैविक उत्पाद, कंपनियों के स्टॉलों का भ्रमण किया। अतिथियों ने प्रदर्शनी की गुणवत्ता की सराहना करते हुए इसे किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के संयोजक डॉ एमपी सिंह ने सभी अतिथियों, वैज्ञानिकों, किसानों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। बड़ी संख्या में किसानों की सहभागिता से आयोजन सफल एवं सार्थक रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ मनोज यादव ने किया। इस मौके पर दूरस्थ स्थानों से पधारे हुई समूह की महिलाओं सहित लगभग 700 किसान, कॉलेज के प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

दिनांक 12-13 फरवरी 2026 को कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला, किसान गोष्ठी एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

जनता कॉलेज बकेवर में कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी व जैविक किसान मेले में 700 से अधिक किसानों की हुई सहभागिता

चेतना ब्यूरो कार्यालय

बकेवर/इटावा। जनता कॉलेज बकेवर एवं कृषि विभाग, इटावा के संयुक्त तत्वावधान में कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला एवं किसान गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. आर.एन. सिंह, उपनिदेशक कृषि, इटावा ने आधुनिक तकनीक, जैविक खेती व फसल विविधीकरण अपनाकर आय बढ़ाने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. स्टीफन जान (हवेला ग्रुप, यूएसए) ने ग्रीन एनर्जी व कृषि नवाचारों पर विचार रखे। अध्यक्षता डॉ. के.के. दीक्षित ने की, जबकि प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने प्रदर्शनी को ज्ञान व तकनीक का संगम बताया। अतिथियों ने उन्नत बीज, जैविक उत्पाद, मृदा स्वास्थ्य, सिंचाई प्रणाली व कृषि यंत्रों से जुड़े स्टॉलों का अवलोकन किया। किसान गोष्ठी में विशेषज्ञों ने योजनाओं व तकनीकों की जानकारी दी तथा किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। लगभग 700 किसानों की सहभागिता से कार्यक्रम सफल रहा।

दिनांक 12-13 फरवरी 2026 को कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला, किसान गोष्ठी एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

दैनिक भास्कर इटावा
18 शुक्रवार, 13 फरवरी 2026, देहरादून

कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी एवं जैविक किसान मेले में उमड़ा उत्साह

लगभग 700 किसानों ने लिया भाग, तकनीकी नवाचारों की सराहना

भास्कर ब्यूरो

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर एवं कृषि विभाग इटावा के संयुक्त तत्वावधान में कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला एवं किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।मुख्य अतिथि डॉ. आर.एन. सिंह (उप निदेशक कृषि) ने आधुनिक तकनीक, जैविक खेती और फसल विविधीकरण अपनाने पर जोर देते हुए किसानों की आय बढ़ाने की बात कही। डॉ. स्टीफन जान (हवेला ग्रुप, यूएसए) ने ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट एवं भारतीय कृषि की संभावनाओं पर विचार रखे। अध्यक्षता डॉ. के.के. दीक्षित ने की तथा प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया।डॉ. स्टीफन जान (हवेला ग्रुप, यूएसए) ने ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट एवं भारतीय कृषि की संभावनाओं पर विचार रखे। अध्यक्षता डॉ. के.के. दीक्षित ने की तथा प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया।अतिथियों ने विभिन्न कंपनियों व कृषि विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर उन्नत बीज, जैविक उत्पाद, मृदा स्वास्थ्य, सिंचाई प्रणाली व कृषि यंत्रों की जानकारी ली। किसान गोष्ठी में विशेषज्ञों ने उन्नत खेती, कीट प्रबंधन एवं सरकारी योजनाओं पर मार्गदर्शन दिया।कार्यक्रम में लगभग 700 किसानों, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही। अंत में संयोजक डॉ. एमपी सिंह ने आभार व्यक्त किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ

4 दैनिक जागरण कानपुर, 14 फरवरी, 2026 इटावा जागरण

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला सम्मान

महिला शिक्षक संघ की अध्यक्ष कामना सिंह को सम्मानित करती पदाधिकारी • स्वयं

जागरण संवाददाता, इटावा: महिला शिक्षक संघ ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं और महिलाओं को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में मीडिया प्रभारी श्वेता चंदेल और अर्चना बाजपेयी शामिल रहीं।

संघ की महामंत्री अर्चना चौधरी ने कहा कि संघ का उद्देश्य महिला शिक्षा को बढ़ावा देना और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। संगठन की पांचवीं वर्षगांठ की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई। अध्यक्ष कामना सिंह ने सभी को प्राधिकार पत्र बांटे। कार्यक्रम में रेनू सिंह, मीनाक्षी पांडे, अर्चना पांडे, प्रतिभा तिवारी, मंजू लता राजपूत, सीमा यादव, सीमा चौहान, ज्योति यादव, अर्चना, कोषाध्यक्ष अनामिका पांडे, निशा मिश्रा, अर्चना पांडे ने भाग लिया।

जनता कालेज में दो दिवसीय कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी का समापन

उत्पादन और आय में वृद्धि के लिए आधुनिक खेती अपनाएं किसान

संवाद सूत्र, जागरण• बकेवर: जनता कालेज में दो दिवसीय कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी एवं वैज्ञानिक संगोष्ठी में कृषि विशेषज्ञों ने कहा कि बदलते जलवायु परिदृश्य में वैज्ञानिक खेती अपनाकर उत्पादन एवं आय में वृद्धि संभव है। किसानों ने अपने अनुभव साझा किए तथा वैज्ञानिकों से सीधे संवाद कर समस्याओं के समाधान प्राप्त किए।

द्वितीय दिवस पशु प्रदर्शनी में क्षेत्र के पशुपालकों ने अपनी उन्नत नस्ल के गाय, भैंस, बकरी, सांड एवं अन्य पशुओं का प्रदर्शन किया। प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों एवं पशु चिकित्सकों ने पशुओं की वैज्ञानिक पद्धति से मूल्यांकन किया। मुख्य अतिथि निदेशक लायन सफारी डा. अनिल कुमार पटेल रहे। विशेषज्ञों ने पशुपालन में संतुलित आहार, टीकाकरण, नस्ल सुधार एवं डेयरी प्रबंधन पर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संयोजन डा. एमपी सिंह एवं डा. आदित्य कुमार तथा कार्यक्रम का सफल संचालन डा. मनोज कुमार एवं डा. दिव्य ज्योति मिश्रा ने किया। भूमि संरक्षण अधिकारी प्रमोद कुमार, जिला उद्यान अधिकारी डा. श्याम सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष बकेवर विवेक कुमार, निदेशक पीएनबी डा. विपिन यादव तथा पूर्व डीन डा. एनके शर्मा, पशु चिकित्सा अधिकारी बकेवर डा. विनय कुमार मिश्रा, अमर सिंह, लालाराम, राम पाल सिंह राठौर रहे।

जनता कालेज मे कृषि मेले मे प्रतिभागी को सम्मानित करते इटावा सफारी पार्क के निदेशक अनिल पटेल व प्राचार्य राजेश त्रिपाठी• स्वयं

औद्यानिक मिशन की योजना में पंजीकरण कराएं किसान इटावा : मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना में किसान अपना पंजीकरण कराकर विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। जिला उद्यान अधिकारी श्याम सिंह ने बताया कि इस योजना में जनपद को 50 हेक्टेयर शाकभाजी, 1800 मीटर फेंसिंग तथा 3 एचडीपीई वर्मीबेड का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिन किसानों ने राष्ट्रीय बागवानी विकास मिशन योजना में लाभ नहीं लिया है, वे dbt.uphorticulture.in पर अपना पंजीकरण करा कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। योजना का लाभ प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर किया जाएगा।

आश्रम पद्धति वि
में ताला देखक

जागरण संवाददाता, इटावा : सीडीओ
अजय कुमार गौतम शुक्रवार क
समाज कल्याण विभाग से संचालि
जय प्रकाश नारायण सर्वोदय आश्र
पद्धति विद्यालय नगला हीरालाल क
निरीक्षण किया। कुछ कक्षाओं में ता
लगे देखकर वे काफी नाराज हु
उन्होंने कहा कि शिक्षण कार्य नियमि
रूप से कराया जाए। इसमें किसी त
की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।
सीडीओ को विद्यालय
प्रशासनिक भवन और कंप्यूटर ल
की स्थिति भी ठीक नहीं मिल
पुस्तकालय का निरीक्षण करने

तनाव मुक्त होकर प

जासं,इटावा : अखिल भारतीय विद्य
परिषद के तत्वावधान में ज्ञान स्थ
एकेडमी कटरा शमशेर खां में छ
को परीक्षा के तनाव से मुक्त र
हुए सकारात्मक सोच के साथ प
करने के लिए प्रेरित किया गया।
तनावमुक्त परीक्षा विषय
आयोजित कार्यशाला में मुख्य अ
सीओ सिटी अभय नारायण रा
कहा कि परीक्षा जीवन का केवल
चरण है, इससे घबराने
आवश्यकता नहीं है। निय
अध्ययन, समय प्रबंधन
आत्मविश्वास के साथ किया

खेलों में हमेशा अमर रहेंगे अशोक दबे

दिनांक 12-13 फरवरी 2026 को कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला, किसान गोष्ठी एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

जनता कॉलेज में कृषि,विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण व पशु प्रदर्शनी का भव्य हुआ आयोजन

स्पष्ट आवाज

बकेवर,इटावा। जनता कॉलेज बकेवर में दो दिवसीय "कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण तथा पशु प्रदर्शनी,वैज्ञानिक संगोष्ठी" का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों, पशुपालकों,वैज्ञानिकों एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

पहले दिन कृषि प्रदर्शनी का आयोजन

प्रथम दिवस कृषि प्रदर्शनी एवं किसान मेले को समर्पित रहा,जिसमें उन्नत बीज,आधुनिक कृषि यंत्र, जैविक खेती की तकनीक, फसल संरक्षण उपाय एवं नवाचार आधारित उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। वैज्ञानिकों ने किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों, उर्वरक प्रबंधन, जल संरक्षण तथा प्राकृतिक खेती के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। प्रदर्शनी का उदघाटन डॉ आर.एन.सिंह उपनिदेशक कृषि इटावा एवं डॉ.स्टीफन जान्हस अमेरिका, प्रो. रवि कुमार प्राचार्य तिलक महाविद्यालय औरैया,अरुण कुमार सिंह डॉक्टर एमके सिंह विष्णु दत्त मिश्रा तहसीलदार चकरनगर ओंकार सिंह जिला कृषि अधिकारी इटावा की सहभागिता से सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति के सदस्य डॉक्टर के.के. दीक्षित ने की। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि बदलते जलवायु परिदृश्य में वैज्ञानिक खेती अपनाकर ही उत्पादन एवं आय में वृद्धि संभव है। किसानों ने अपने अनुभव साझा किए तथा वैज्ञानिकों से सीधे संवाद कर समस्याओं के समाधान प्राप्त किए। द्वितीय दिवस पशु प्रदर्शनी का आयोजन हुआ,जिसमें क्षेत्र के पशुपालकों ने अपनी उन्नत नस्ल के गाय, भैंस, बकरी, सांड़ एवं अन्य पशुओं का प्रदर्शन किया। बाहर से पधारे प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों एवं पशु चिकित्सकों द्वारा पशुओं की वैज्ञानिक पद्धति से मूल्यांकन किया गया। द्वितीय दिवस में पशु प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि की भूमिका में निदेशक लॉयन सफारी इटावा श्री अनिल कुमार जी पटेल रहे। विशिष्ट अतिथि में श्री प्रमोद कुमार भूमि संरक्षण अधिकारी इटावा डॉ.श्याम सिंह जिला उद्यान अधिकारी,विवेक कुमार नगर पंचायत अध्यक्ष बकेवर डॉ विपिन यादव निदेशक पीएनबी तथा डॉक्टर एनके शर्मा पूर्व डीन,डॉ.भीमराव अंबेडकर इंजीनियरिंग कॉलेज इटावा,डॉ. विनय कुमार मिश्रा,पशु चिकित्सा अधिकारी बकेवर कैंपस इटावा परशूपुरा के मेजर पांडे, अमर सिंह,लालाराम व अन्य किसान तथा प्रबंध समिति के के सदस्य राम पाल सिंह राठौर उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति के सदस्य श्री नारायण दुबे ने की। विशेषज्ञों ने पशुपालन में संतुलित आहार,टीकाकरण, नस्ल सुधार एवं डेयरी प्रबंधन पर मार्गदर्शन प्रदान किया।उन्होंने कहा कि पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और वैज्ञानिक तकनीकों के माध्यम से इसे अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है।

दिनांक 12-13 फरवरी 2026 को कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी, जैविक किसान मेला, किसान गोष्ठी एवं पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

जनता कॉलेज बकेवर में दो दिवसीय कृषि विज्ञान एवं पशु प्रदर्शनी का भव्य आयोजन का समापन

कंपूमेल ब्यूरो

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर में दो दिवसीय कृषि, विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण तथा पशु प्रदर्शनी का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम में किसानों, पशुपालकों, वैज्ञानिकों व विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। पहले दिन कृषि प्रदर्शनी में उन्नत बीज, आधुनिक कृषि यंत्र, जैविक खेती व जल संरक्षण पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया। उद्घाटन कृषि अधिकारियों व शिक्षाविदों की सहभागिता से संपन्न हुआ। दूसरे दिन पशु प्रदर्शनी में उन्नत नस्ल के पशुओं का वैज्ञानिक मूल्यांकन किया गया। मुख्य अतिथि लायन सफारी इटावा के निदेशक अनिल कुमार पटेल रहे। प्राचार्य डॉ. राजेश त्रिपाठी ने इसे ज्ञान-विनिमय का सशक्त मंच बताते हुए कृषि-पशुपालन में वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया। अंत में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। आयोजन से क्षेत्र में कृषि एवं पशुपालन के प्रति नई जागरुकता उत्पन्न हुई।